बरसों पूर्व बने तालाब पर दबंगईयों का अवैध कब्जा

मसूदा, (निसं)। ग्राम पंचायत नंदवाड़ा के ग्राम जसवन्तपुरा के खसरा नंबर 443/138 में बने तालाब पर ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को हटवाने व उक्त भूमी किस्म तालाब (आबी) दर्ज करवाने को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी , तहसीलदार व मसूदा थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपा । ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि राजस्व ग्राम जसवन्तपुरा के खसरा 443/138 में उनके पूर्वजों ने एक तालाब बनवाया था। जिसमें पानी भरा रहता है। उक्त तालाब पर गाँव के अतिक्रमी छगना पुत्र सोझा भील, गोपाल पुत्र भोला गुर्जर, रामा पुत्र छोगा भील, उदा पुत्र भोला गुर्जर, तेजु पुत्र हरि गुर्जर काना पुत्र लक्ष्मण गुर्जर इत्यादि ने अतिक्रमण कर बाडे बना लिए तथा आवागमन के रास्ते बन्द कर दिए। अब उक्त अतिक्रमी कब्जाई जमीन पर पक्के निर्माण करने को उतारू है। ग्रामीणों द्वारा मना करने पर वो लडाई झगडे पर उतारू हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से निवेदन करते हुए कहा कि उक्त अतिक्रमियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर अतिकमण हटवा कर ग्रामीणों को राहत प्रदान करने साथ ही उक्त भूमी सार्वजनिक तालाब जो पूर्वजों द्वारा बनाया गया है।

परीक्षा शुल्क पर छात्र हित में कार्रवाई की मांग

अजमेर(निसं)। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारियों ने संभागीय आयुक्त और बोर्ड प्रशासक से मुलाकात कर ओपन बोर्ड के पात्रता प्रमाण पत्र के लिए 30 सितंबर के बाद 2 हजार रुपये लेट फीस को छात्रों के लिए बोझ बताया।

प्रतिनिधियों ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों के छात्र जानकारी के अभाव में समय पर आवेदन नहीं कर पाए। प्रतिनिधिमंडल ने अंतिम तिथि बढ़ाने या पेनल्टी को नवंबर माह तक माफ करने का आग्रह किया। शिक्षा मंत्री को भी इस संबंध में ज्ञापन भेजा गया है। इस संदर्भ में आज प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ जिला मंत्री गुमान सिंह जादौन, यशवंत जादम सहित पदाधिकारियों ने बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह से मुलाकात की, उन्होंने उचित कार्यवाही के लिए कहा तथा बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नाम ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित बोर्ड अधिकारी से भी वार्ता की, उन्होंने भी उच्च अधिकारी से बात कर कार्यवाही हेतु कहा। यह ज्ञापन प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा ने शिक्षा मंत्री को भेजकर उनसे भी छात्रों के हित में अंतिम दिनांक की अवधि बढ़ाने या शुल्क की पेनल्टी से राशि माह नवंबर तक रियायत देने का आग्रह किया।

आम सूचना

मेरी मां मांगी देवी पत्नी भंवरलाल जाति गुर्जर निवासी नयागाँव , सरगाँव तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 19 नवम्बर 1995 को मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

– प्रार्थी दयाल पुत्र भंवरलाल

आम सूचना

मेरी पिता भंवरलाल पुत्र गोपी जाति गुर्जर निवासी नयागांव , सरगांव तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 5 जुलाई 1999 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

– प्रार्थी दयाल पुत्र भंवरलाल

आम सूचना

मेरी पत्नी रितु देवी पत्नी गिरधारी लाल जाट निवासी गांव बांदरसिंदरी तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 31 मार्च 2020 को हो गई, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में तहसीलदार के समक्ष आपत्ति दर्ज कराये, बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी।

-प्रार्थी-गिरधारी लाल जाट

आम सूचना

मेरी बहन देऊ पुत्री छितर (अवविवाहित फौत) जाति गुर्जर निवासी चांदना की ढाणी, सरगांव तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 3 अप्रैल 2004 को मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

-प्रार्थी दयाल पुत्र भंवरलाल

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/160128
DATE-10.11.2025 रजि बेचान-नामा

सार्वजनिक सूचना

क्र मांक/नगरीय विकास कर/2025 26/9337
दिनांक-12.11.2025

श्री बबलू सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1/पारस कॉलोनी नवा नगर खसरा नं. 1928 प्लाट नं. 91 का पश्चिमी भाग प्रा नं. 19-ए क्षेत्रफल 106.66 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती सीमा मिश्रा पत्नि श्री राधा किशन मिश्रा के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 26.10.2023 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज मय 7 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। -आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

आम सूचना

मेरी मां रतनी देवी पत्नी छितर जाति गुर्जर निवासी चांदना की ढाणी, सरगांव तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 4 जुलाई, 2006 को मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

-प्रार्थी हरकरण पुत्र छितर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामानतरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या क्र-412 क्षेत्रफल 112.50 वर्ग मीटर का आवंटन श्री रामनाथ डावोला पुत्र श्री वंदराम को आवंटित किया गया था जिस पश्चात उक्त भूखण्ड का मुख्तयारनामा श्री योगेश अग्रवाल सुपुत्र श्री राधेश्याम अग्रवाल को दिनांक 25/11/2000 को नियुक्त किया गया। जिस पश्चात उक्त मुख्तयार नामा से उक्त भूखण्ड का बेचान 1. श्री गोपाल शर्मा सुपुत्र श्री दीनदयाल जी शर्मा व 2. श्रीमती कांता शर्मा पत्नी श्री गोपाल शर्मा को दिनांक 09/12/2002 को हो गया था। किन्तु खरीद पश्चात श्री गोपाल शर्मा व श्रीमती कांता शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर में नहीं करवाया गया। हाल्ता में अन्तरीति 1. श्री गोपाल शर्मा व 2. श्रीमती कांता शर्मा में से श्री गोपाल शर्मा सुपुत्र श्री दीनदयाल जी शर्मा की मृत्यु दिनांक 09/04/2017 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. सुश्री / श्रीमती उषमा शर्मा पुत्री स्व. गोपाल शर्मा व 2. सुश्री / श्रीमती नुपुर शर्मा सुपुत्री स्व. श्री गोपाल शर्मा निवासीगण बी-412, पंचशील नगर, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती कांता शर्मा धर्मपत्नी स्व. श्री गोपाल शर्मा निवासी बी-412, पंचशील नगर, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग दिनांक 03/11/2025 के आधार पर नामानतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामानतरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांकः न.नि.अ/भवन/2025-26/486 आपत्ति सूचना दिनांकः 19/11/25

श्रीमती मोनिका जैन पत्नि श्री विकास लोढ़ा निवासी म.नं. 9 नवगृह कॉलोनी पुष्कर रोड, अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति ए.एम.सी. नं. 12/191 12/193 पुराना 422/9 नया का एक भाग है जो वार्के हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 34.84 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यवसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व - रास्ता आम 20 फुट चौड़ा पश्चिम- भूखण्ड संख्या 46
उत्तर- भूखण्ड संख्या 06 दक्षिण - रास्ता आम 20 फुट चौड़ा

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर-अंदर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांकः न.नि.अ/69क/2025-26/66 आपत्ति सूचना दिनांकः 18/11/25

श्रीमती उषा शर्मा पत्नि श्री शशि कान्त शर्मा निवासी नागो की गली कायस्थ मोहल्ला पुरानी मण्डी अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल श्याम नगर काली मन्दिर के पीछे फॉयसागर रोड अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 71.53 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व - नारायण गुर्जर का मकान पश्चिम- नारायण गुर्जर का मकान
उत्तर- 12 फीट चौड़ा रोड दक्षिण - नारायण गुर्जर का मकान

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व हट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 3 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप/आपत्ति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.पा.वि./निर्माण स्वी./2025/4690 आम सूचना दिनांकः 17-11-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
145	रूकमणी हंसरानी पत्नि घनश्याम दास	गोपाल कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 108/4 प्लॉट नं. 07 का 1/2 दक्षिणी हिस्सा	55.74 SQ.MTR	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

वासुदेव देवनानी ने ली एडीए व नगर निगम की बैठक, विभिन्न विकास योजनाओं व बजट घोषणाओं की समीक्षा

- माकड़वाली रोड़ पर बनेगा खेल स्टेडियम, 30 हजार से अधिक लोग बैठ सकेंगे
- अजमेर विकास प्राधिकरण करवा रहा है अरबों रूपए के विकास कार्य

अजमेर, (कासं)। अजमेर आने वाले दिनों में एक सुनियोजित विकास, टूरिस्ट स्पॉट और रोजगार की बेहतर संभावनाओं वाले शहर के रूप में विकसित होने जा रहा है। अजमेर विकास प्राधिकरण और नगर निगम की ओर से अरबो रूपए विकास कार्य करवाए जा रहे है। इसके लिए योजनाबद्ध रूप से चरणबद्ध काम किया जाएगा।

अजमेर के एन्ट्री पॉईन्ट से लेकर पूरे शहर में विभिन्न स्थानों पर विकास के कार्य होंगे। इनमें 30 हजार बैठक क्षमता का खेल स्टेडियम महानगरों की तर्ज पर अजमेर में कन्वेंशन सेंटर और चौड़ी सड़कों के साथ ही सफाई, वेंडिंग जोन और पार्किंग आदि पर भी फोकस रहेगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को सर्किट हाऊस में अजमेर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विकास कार्यों व बजट घोषणाओं पर चर्चा एवं समीक्षा की।

बैठक में अजमेर विकास प्राधिकरण ने अपनी योजनाओं और भावी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। देवनानी ने निर्देश दिए कि माकड़वाली रोड़ पर पृथ्वीराज नगर योजना के पास, मल्टी पर्पज खेल स्टेडियम का काम जल्द शुरू करवाया जाए।

यह खेल स्टेडियम 30 हजार से अधिक दर्शकों की बैठक क्षमता वाला होगा। इसे खेल आयोजनों के साथ ही बड़ी सभाओं, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में भी उपयोग लिया जा सकेगा। यह स्टेडियम प्रथम चरण में 12 करोड़ रूपए की लागत से तैयार होगा। इसका विस्तृत डिजाईन तैयार कर लिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने एडीए को निर्देश दिए कि अजमेर के एन्ट्री प्लाजा का काम जल्द शुरू करवाया जाए। इसे 30 जून 2026 तक पूरा किया जाए। ताकि शहर को एक भव्य प्रवेश द्वार मिल सके। इसके साथ ही नगर निगम और एडीए को यह सड़क को चौड़ा करने एवं सौन्दर्यीकरण के लिए निर्देश दिए गए। देवनानी ने वरूण सागर सौन्दर्यीकरण एवं पाल पर भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापना की योजना की विस्तृत समीक्षा की। देवनानी ने एडीए द्वारा बनवाई जा रही विभिन्न सड़कों के कामों की भी समीक्षा की।

वासुदेव देवनानी ने सर्किट हाऊस में अजमेर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने अजमेर में बनने वाले कन्वेंशन सेंटर की डीपीआर भी जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। देवनानी ने कहा कि महानगरों की तर्ज पर इस कन्वेंशन सेंटर की रिपोर्ट तैयार की जाए। यह सेंटर अजमेर में बड़े आयोजनों के लिए आदर्श सेंटर के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि एडीए का नया भवन जल्द शुरू किया जाए।

देवनानी ने अतिक्रमण एवं सरकार के खिलाफ चलने वाले मुकदमों में प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीए से संबंधित सड़क पेचवर्क, साईंस पार्क, एलीवेटेड रोड़ सौन्दर्यीकरण, लाईट्स, हाथकरघा सेंटर और अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने आनासागर झील के दोनों तरफ हैंगिंग ब्रिज को सुधारने, लेजर शो तथा होटल व गेस्ट हाऊसों में नियमों की पूर्णतया पालना करवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में अजमेर विकास प्राधिकरण और नगर निगम द्वारा बनवाए जा रहे नालों को भी आगामी बारिश से पूर्व पूरा करवाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीए आयुक्त नित्या के., नगर निगम आयुक्त देशल दान, एडीए सचिव अनिल पूनिया, विभिन्न जोन के उपायुक्त और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सरवाड़ में विशाल रक्तदान शिविर आज

सरवाड़ (निसं)। शहर स्थित भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आज गुरुवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा वहीं विशाल रक्तदान शिविर को लेकर लोगों में खुशी देखने को मिल रही है वहीं यह रक्तदान शिविर सुशीला पत्नी सूरजकरण महता की स्मृति में यह शिविर आयोजित होगा वहीं इस शिविर में 200 यूनिट से रक्तदान का लक्ष्य रखा गया यह शिविर प्रातः 9:बजे से माहेश्वरी भवन में किया जाएगा इस शिविर में केकड़ी व अजमेर ब्लड टीम द्वारा संग्रहित करेगी।

वोटर और बीएलओं दोनों को हो रही दिक्कत, सर्वे कार्य हो रहा प्रभावित

- एसआईआर सर्वे बना सबसे बड़ी परेशानी, 2002 के इपिक आईडी

अजमेर,(निसं)। केंद्र सरकार द्वारा राज्यों में चलाए जा रहे एसआईआर (स्टैंडर्डाइज्ड इलेक्टोरल रोल) अपडेट अभियान की कड़ी में अजमेर जिले में प्रशासनिक अमला भी लगा हुई, लेकिन एसआईआर सर्वे कार्य अब मुश्किल काम बन रहा है, क्योंकि सबसे बड़ी दिक्कत 2002 के इपिक आईडी (मतदाता पहचान संख्या) की तलाश को लेकर है। फॉर्म भरते समय माता-पिता, पति-पत्नी या परिवार के अन्य सदस्यों के इपिक आईडी अनिवार्य हैं, जिसके चलते दो दशक पुराने इस तरह के डाटा ढूंढने के कारण वोटर और बीएलओ की सांसें अटक रही हैं। कई घरों में पुराने कार्ड मिल नहीं रहे,कई जगह सालों पहले परिवार टूट चुका है और कई मतदाता दूसरे शहरों में बस चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा 4 दिसंबर तक यह कार्य पूरा करने का लक्ष्य तय किया है, जो अब चुनौतीपूर्ण बन रहा है। अजमेर जिले के तहसील में काम 65-75 प्रतिशत तक पहुंचा है, जबकि कई जगहों पर यह 40 प्रतिशत तक ही सर्वे कार्य हुआ है।

कच्ची बस्तियों बीएलओ कर रहे संघर्ष : एसआईआर में लगे प्रशासनिक अमले को कच्ची बस्तियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जहां रहने वाले लोग ज्यादातर दैनिक मजदूर हैं, वे सुबह ही मजदूरी पर निकल जाते हैं और देर शाम लौटते हैं। ऐसे में बीएलओ को घरों पर बार-बार जाकर भी मतदाता नहीं मिल रहे। कई क्षेत्रों में फॉर्म भरवाने का काम रात 9-10 बजे तक चल रहा है। बीएलओ अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। कई जगह एक साथ लोगों को बिठाकर फॉर्म भरवा रहे, तो कुछ क्षेत्रों में हेल्पलाइन से समझाईश दी जा रही है।

संस्कार सेवा सप्ताह आज से प्रारंभ

अजमेर(निसं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई 2 के प्रांतपाल रामकिशोर गर्ग के आव्हान पर 20 से 26 नवंबर तक संस्कार सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेंद्र गांधी ने बताया कि सप्ताह भर विभिन्न संस्कार आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रांतीय सभापति श्यामसुंदर सैनी ने बताया कि गुरु वंदना, मातृ-पितृ चरण वंदन, भ्रूण हत्या रोकथाम, वृद्धजन सम्मान, गौ-तुलसी पूजन, गीता ज्ञान परीक्षा, महापुरुषों की जीवनी अध्ययन और साहित्य वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। सप्ताह भर सेवा कार्य करने वाले क्लबों को चांदी का मेडल और प्रशस्ति पत्र तथा 26 नवंबर को संस्कार दिवस मनाने वाले क्लब को विशेष स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत भांवता पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)

क्रमांकः ग्रा.पं.भांवता/निविदा/2025-26/115 दिनांक:18.11.25

ई-निविदा सूचना-03/2025-26

ग्राम पंचायत भांवता में कचरा संग्रहण केन्द्र (राशि रूपये 09.37 लाख) हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदा दिनांक 19.11.2025 से 27.11.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No - ZAJ2526A1423 UBN No- ZAJ2526WSOB01519

प्रशासक ग्राम पंचायत भांवता, पं.स. अंराई, अजमेर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भांवता, पं.स. अंराई, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुरा पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)

क्रमांकः ग्रा.पं.रसूलपुरा/निविदा/2025-26/105 दिनांक:18.11.25

ई-निविदा सूचना-03/2025-26

ग्राम पंचायत रसूलपुरा में कचरा संग्रहण केन्द्र (राशि रूपये 09.37 लाख) हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदा दिनांक 19.11.2025 से 27.11.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No - ZAJ2526A1424 UBN No- ZAJ2526WSOB01520

प्रशासक ग्राम पंचायत रसूलपुरा, पं.स. अंराई, अजमेर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत रसूलपुरा, पं.स. अंराई, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

आवास भवन, वैशाली नगर, अजमेर, Email ID- reajmer.rhb@rajasthan.gov.in

क्रमांक :1633 जाहिर आम सूचना दिनांक -19/11/25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 4/239 पंचशील अजमेर योजना में श्री राम सहाय मीणा पुत्र स्व. श्री गिरधारी लाल मीणा को आवंटित कर दिनांक-18.07.2014 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री राम सहाय मीणा पुत्र स्व. श्री गिरधारी लाल मीणा द्वारा दिनांक 13.11.2014 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। श्री राम सहाय मीणा की मृत्यु दिनांक 15.07.2025 को हो जाने के कारण उनकी पुत्रवधु श्रीमती मीनाक्षी मीना पत्नी श्री राजकिशोर मीना द्वारा रजिस्टर्ड वसीयतनामा प्रस्तुत कर मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जब श्रीमती मीनाक्षी मीना पत्नी श्री राजकिशोर मीना ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर आवास का आवंटन स्वयं के नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती मीनाक्षी मीना पत्नी श्री राजकिशोर मीना का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आग सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई जापतिः स्वीकार नहीं होगी नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

– सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

अजमेर(निसं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इंदिरा गांधी जयंती पर स्टेशन रोड स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने साहस और दूरदर्शिता के साथ देश को मजबूती प्रदान की। वक्ताओं ने उनके ऐतिहासिक निर्णयों और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को याद किया। जैन ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास पलटेंगे, तो पायेंगे कि भारत का गौरवपूर्ण अतीत और कांग्रेस का इतिहास एक दूसरे का पूरक है। इंदिरा गांधी इस इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। विपरीत परिस्थितियों में इंदिरा गांधी ने जो सशक्त नेतृत्व देश को प्रदान किया, बैंकों का राष्ट्रीयकरण इसका एक उदाहरण मात्र है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था, उन्होंने अपनी बुद्धिमता, दूरगामी सोच एवं दक्षता से देश हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर भारत को एक सशक्त, मजबूत एवं उन्नत राष्ट्र के रूप में पहचान दिलाई, हम देश के लिए दिए उनके बलिदान को नमन करते हैं। इसी प्रकार रामचंद्र चौधरी, महेंद्र सिंह रलावता, डॉ श्रीगोपाल बाहेती, द्रौपदी कोली ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जीवन और कार्य भारतीय राजनीति और समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहे हैं।उनकी नेतृत्व क्षमता, साहस और दूरदर्शिता ने देश को नई दिशा देने का काम किया। देश के प्रति उनका समर्पित जीवन युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल काग्रेसजनो मे नसीम अख्तर इंसाफ, रामचंद्र चौधरी, महेन्द्र सिंह रलावता, सुनील लारा, अंकुर त्यागी, विपिन बेसिल, श्याम प्रजापति, कैलाश कोमल, महेश चौहान, अशोक बिंदल, गजेंद्र सिंह रलावता, रश्मि हिंगोरानी, हितेश्वरी टाक, शिवकुमार बंसल, प्रियंका चौधरी, अरुणा कच्छावा, मनीष चौरसिया, चंदन सिंह, लक्ष्मी धोलखेडिय़ा, शिवराज भड़ाना, अंकित घारु, लक्ष्मी बुंदेल, सुनील धानका, नितिन जैन, आलोक गुप्ता, गीता गुर्जर, कौस्तुभ भाटी, अशोक सुकरिया, मनीष सेन, नरेश सोलीवाल, दीनदयाल पंवार, संजय मेघवंशी, हरीश गोरा, राजकुमार गर्ग, सौरभ यादव, हरिप्रसाद जाटव, राजेश गोरा, पुष्पा टेलर, पुष्पेंद्र भारद्वाज, श्रवण चौधरी आदि अनेक कांग्रेसजन मौजूद थे।

पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

अजमेर(निसं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा हरित सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरना में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के प्रतिनिधियों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने मिलकर 15 फलदार और छायादार पौधे लगाए। प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए आसपास के वातावरण को सुरक्षित रखने पर बल दिया। छात्रों ने जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण की करो सुरक्षा जैसे नारों के माध्यम से संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पौधरोपण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सरोज सांखला, पल्लवी मारोठिया और जितेंद्र मेघवंशी का सहयोग रहा।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांकः न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/5057 लोक सूचना दिनांकः19-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम ढाणी पुरोहितान के खसरा 273/27 का पार्ट व 27 का पार्ट का भूखंड का कुल क्षेत्रफल 1692.80 वर्गमीटर (वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) हेतु पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय/साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्रीमती नागमणी शर्मा पत्नि श्री मनमोहन शर्मा निवासी अग्रसेन विहार के सामने, आदर्श नगर मदनगंज किशनगढ़	ढाणी पुरोहितान खसरा 273/27 का पार्ट व 27 का पार्ट 1692.80 वर्गमीटर	(वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ) पट्टा चाहने हेतु

-आयुक्त, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांकः न.प.कि/नामान्तरण/2025/2246 आम सूचना दिनांकः 19-11-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 632 पर स्थित 'ओम विहार खोड़ा गणेश जी रोड' के आवासीय (भूखण्ड संख्या 48-ए क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज) पर श्री राजेन्द्र कुमार सोनी उर्फ राजकुमार सोनी पुत्र स्व० श्री सोहन लाल सोनी ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- 40 फीट चौड़ा रास्ता पश्चिम में- भूखंड सं. 53
उत्तर में- भूखंड सं. 48 में से विखंडित भूखंड सं. 48-बी दक्षिण में- भूखंड सं. 47

अतः उक्त नामान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्य